भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4061**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**सड़क नेटवर्क का विस्तार**

4061. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान देश में सड़क नेटवर्क के सुधार एवं विस्तार के लिए क्रियान्वित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित, जारी एवं व्यय की गई;

(ग) उक्त अवधि के दौरान गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में सड़क नेटवर्क में सुधार के लिए शुरू किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क वर्तमान में लगभग 1,46,195 किलोमीटर तक फैल चुका है।

देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। इनमें भारतमाला परियोजना सहित राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी), पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम (एसएआरडीपी-एनई), वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों (एलडब्ल्यूई) सहित विजयवाड़ा-रांची सड़क का विकास और बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएं (ईएपी) में सड़कों के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। उपरोक्त किसी भी योजना के अंतर्गत शामिल न किए गए राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों को यातायात घनत्व, सड़क की स्थिति, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग मूल [ एनएच( ओ)] कार्यों के तहत विकास के लिए लिया जाता है।

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार ब्यौरा अनुबंध में है।

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में लगभग 53,600 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग लंबाई के कार्य सौंप दिए गए हैं , जिनमें गुजरात राज्य में 2,085 किलोमीटर लंबाई के कार्य शामिल हैं।

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में लगभग 56,700 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया गया है , जिसमें गुजरात राज्य में 2,182 किलोमीटर लंबाई शामिल है।

**अनुबंध**

**"सड़क नेटवर्क के विस्तार" के संबंध में श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा द्वारा दिनांक 19.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4061 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**विगत पांच वर्षों के दौरान देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा : -**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | **राशि करोड़ रूपये में** |
| **क्र. स.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2019-20** | | **2020-21** | | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
| | | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6,618 | 6,618 | 4,281 | 4,281 | 5,890 | 5,890 | 6,957 | 6,957 | 11,440 | 11,440 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1,710 | 1,710 | 2,512 | 2,512 | 2,718 | 2,718 | 3,140 | 3,140 | 2,649 | 2,649 |
| 3 | असम | 2,436 | 2,436 | 3,753 | 3,753 | 3,150 | 3,150 | 4,557 | 4,557 | 9,137 | 9,137 |
| 4 | बिहार | 4,392 | 4,392 | 6,716 | 6,716 | 9,174 | 9,174 | 9,347 | 9,347 | 10,749 | 10,749 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1,653 | 1,653 | 2,224 | 2,224 | 1,936 | 1,936 | 2,468 | 2,468 | 4,255 | 4,255 |
| 6 | गोवा | 977 | 977 | 734 | 734 | 615 | 615 | 673 | 673 | 620 | 620 |
| 7 | गुजरात | 5,102 | 5,102 | 7,533 | 7,533 | 10,710 | 10,710 | 9,831 | 9,831 | 10,900 | 10,900 |
| 8 | हरियाणा | 6,721 | 6,721 | 10,651 | 10,651 | 7,203 | 7,203 | 3,924 | 3,924 | 6,062 | 6,062 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1,238 | 1,238 | 2,033 | 2,033 | 3,164 | 3,164 | 4,534 | 4,534 | 5,175 | 5,175 |
| 10 | झारखंड | 2,312 | 2,312 | 2,627 | 2,627 | 2,853 | 2,853 | 3,127 | 3,127 | 4,599 | 4,599 |
| 11 | कर्नाटक | 7,860 | 7,860 | 5,838 | 5,838 | 7,681 | 7,681 | 6,763 | 6,763 | 12,695 | 12,695 |
| 12 | केरल | 1,265 | 1,265 | 12,831 | 12,831 | 10,136 | 10,136 | 3,994 | 3,994 | 10,419 | 10,419 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 6,429 | 6,429 | 8,250 | 8,250 | 9,006 | 9,006 | 6,210 | 6,210 | 7,447 | 7,447 |
| 14 | महाराष्ट्र | 24,166 | 24,166 | 20,844 | 20,844 | 18,655 | 18,655 | 18,355 | 18,355 | 19,867 | 19,867 |
| 15 | मणिपुर | 1,180 | 1,180 | 978 | 978 | 2,142 | 2,142 | 2,737 | 2,737 | 2,598 | 2,598 |
| 16 | मेघालय | 901 | 901 | 861 | 861 | 819 | 819 | 684 | 684 | 1,803 | 1,803 |
| 17 | मिजोरम | 1,252 | 1,252 | 1,238 | 1,238 | 2,054 | 2,054 | 3,218 | 3,218 | 2,189 | 2,189 |
| 18 | नागालैंड | 1,003 | 1,003 | 2,382 | 2,382 | 1,943 | 1,943 | 1,666 | 1,666 | 1,414 | 1,414 |
| 19 | ओडिशा | 3,355 | 3,355 | 5,336 | 5,336 | 4,510 | 4,510 | 4,643 | 4,643 | 5,948 | 5,948 |
| 20 | पंजाब | 2,777 | 2,777 | 3,301 | 3,301 | 7,179 | 7,179 | 10,093 | 10,0 | 12,419 | 12,419 |

राशि करोड़ रूपये में

| क्र. स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय |
| | | | | | | | | | 93 | | |
| 21 | राजस्थान | 6,515 | 6,515 | 7,340 | 7,340 | 11,353 | 11,353 | 9,719 | 9,719 | 8,874 | 8,874 |
| 22 | सिक्किम | 286 | 286 | 1,053 | 1,053 | 811 | 811 | 1,008 | 1,008 | 684 | 684 |
| 23 | तमिलनाडु | 5,757 | 5,757 | 4,868 | 4,868 | 4,305 | 4,305 | 8,230 | 8,230 | 9,925 | 9,925 |
| 24 | तेलंगाना | 3,048 | 3,048 | 2,907 | 2,907 | 3,458 | 3,458 | 3,622 | 3,622 | 6,117 | 6,117 |
| 25 | त्रिपुरा | 175 | 175 | 1,026 | 1,026 | 1,085 | 1,085 | 1,156 | 1,156 | 1,546 | 1,546 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 13,375 | 13,375 | 18,768 | 18,768 | 13,944 | 13,944 | 21,453 | 21,453 | 28,114 | 28,114 |
| 27 | उत्तराखंड | 2,940 | 2,940 | 2,800 | 2,800 | 2,112 | 2,112 | 3,219 | 3,219 | 4,545 | 4,545 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2,665 | 2,665 | 2,658 | 2,658 | 3,642 | 3,642 | 3,053 | 3,053 | 3,543 | 3,543 |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 267 | 267 | 349 | 349 | 246 | 246 | 143 | 143 | 96 | 96 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 2 | 2 | 6 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 31 | दादरा एवं नगर हवेली | 0 | 0 | 43 | 43 | 30 | 30 | 26 | 26 | 2 | 2 |
| 32 | दमन और दीव | 0 | 0 | | | | | | | | |
| 33 | दिल्ली / मुख्यालय | -743 | -743 | -1,482 | -1,482 | 3,961 | 3,961 | 7,164 | 7,164 | 3,223 | 3,223 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 2,256 | 2,256 | 2,932 | 2,932 | 6,817 | 6,817 | 7,370 | 7,370 | 10,528 | 10,528 |
| 35 | लद्दाख | 0 | 0 | 24 | 24 | 352 | 352 | 574 | 574 | 658 | 658 |
| 36 | पुदुचेरी | 1 | 1 | 21 | 21 | 1 | 1 | 61 | 61 | 35 | 35 |

वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सामने उल्लिखित ऋणात्मक आंकड़े उस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से अन्य राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को व्यय/परियोजनाओं के अंतरण को दर्शाते है।

*****